भारत का महावाणिज्य दूतावास, बीरगंज, नेपाल
(अतिथि गृह, रक्सौल)

***

No.Birg/551/08/2010 **दिनांक: 18 फरवरी, 2023**

नीलामी सूचना

कार्य का नाम : भारतीय महावाणिज्य दूतावास, बीरगंज के रक्सौल स्थित अतिथि गृह के आम, लीची और कटहल के फलों की डाक नीलामी **2** वर्षों **2023-2024** के विषय में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय महावाणिज्य दूतावास बीरगंज के रक्सौल स्थित अतिथि गृह के आम, लीची और कटहल के फलों की डाक नीलामी 2 वर्षो 2023-2024 के लिए होगी जिसमे आम के बड़े पेड़ो की संख्या 130, लीची के पेड़ों की संख्या 42 और कटहल के पेड़ों की संख्या 2 है।

सीलबंद निविदा एवं नेपाली रूपया **32,000/-** **(**भारतीय रुपया बीस हजार के बराबर**)** का ड्राफ्ट जो **'Consulate General of India, Birgunj'** के पक्ष में देय होगा, जो **27** फ़रवरी **2023** तक भारतीय महावाणिज्य दूतावास, बीरगंज के कार्यालय में सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। नीलामी की आरक्षित/बुक वैल्यू न्यूनतम राशि नेपाली रूपया **3,36,000/-** **(**भारतीय रुपया दो लाख दस हज़ार के बराबर**)** सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किया गया है। उच्चतम बोली मूल्य (नेपाली रूपया 3,36,000/- के आरक्षित मूल्य से अधिक) वाले नीलामीकर्ता को सफल बोलीदाता माना जाएगा।

सभी निविदा **श्री तरुण कुमार, चांसरी प्रमुख,** भारतीय महावाणिज्य दूतावास, बीरगंज, नेपाल के नाम से संबोधित किये जायेंगे। सीलबंद निविदाएँ **28** फ़रवरी **2023** को **3:00** बजे सभी टेंडरदाता के समक्ष भारतीय महावाणिज्य दूतावास, बीरगंज के कार्यालय में खोली जाएगी। असफल उम्मीदवारों को जमानत राशि ड्राफ्ट के द्वारा लौटा दी जायेगी। सफल उम्मीदवारों को स्वीकृति मूल्य का 60% निविदा स्वीकृति के एक सप्ताह के भीतर जमा करना होगा अन्यथा जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी। बकाया 40% राशि 7 मार्च 2024 तक जमा करनी होगी। नीलामी अवधि के दौरान बगीचे की साफ़-सफाई, कोराई, चुना पोताई, वृक्षों पर दवाई छिड़काव आदि की जिम्मेदारी सफल उम्मीदवार की होगी।

अन्य नियम एवं शर्तों की विशेष जानकारी के लिए भारतीय महावाणिज्य दूतावास, बीरगंज के कार्यालय (+977 51532244) अथवा महावाणिज्य दूतावास अतिथि गृह रक्सौल के कार्यालय (+91 8084834800) में सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है, साथ ही इच्छुक उम्मीदवार बगीचे का 10:00 से 3:00 बजे तक निरीक्षण कर सकते है। निविदा स्वीकार करने या न करने का आधिकार भारतीय महावाणिज्य दूतावास बीरगंज के अंतर्गत निहित रहेगा।

तरुण कुमार

(तरुण कुमार)
चांसरी प्रमुख
भारत के महावाणिज्य दूतावास, बीरगंज
दूरभाष: +977 51532244

Tarun Kumar
Head of Chancery
Consulate General of India
Birgunj (Nepal)